## खबर संक्षेप

### दैनिक वेतन भोगियों के एरियर भुगतान की मांग को लेकर सीटू ने सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** दैनिक वेतनभोगियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही सीटू ने 22 अप्रैल 2025 को शहडोल में लेबर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश शासन, इंदौर को प्रेषित किया गया, जिसमें जल्द से जल्द एरियर भुगतान की मांग की गई है। सीटू जिला अध्यक्ष अरुण गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संगठन के मध्यप्रदेश महासचिव कामरेड प्रमोद प्रधान ने न्यूनतम वेतनबेज की लंबी लड़ाई के बाद दैनिक वेतनभोगियों को उनका हक दिलाया। अब इसी कड़ी में एरियर भुगतान के लिए संघर्ष तेज किया गया है। इसी के तहत 21 अप्रैल 2025 को प्रदेश के सभी जिलों में लेबर कमिश्नर के माध्यम से ज्ञापन सौंपे गए। ज्ञापन सौंपते समय सीटू जिला इकाई के उप महासचिव कामरेड शत्रुघ्न पांडेय, उपाध्यक्ष कामरेड हरीश गर्ग, कोषाध्यक्ष कामरेड विनोद राय, कामरेड इंद्रजीत पटेल, कामरेड लालजी तिवारी एवं कामरेड कल्लू सिंह उपस्थित रहे। सीटू ने सरकार से मांग की है कि दैनिक वेतनभोगियों को उनका लंबित एरियर जल्द से जल्द भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

### 2 मई को जैतपुर में उर्स व इज्तेमाई शादी, कव्वाली का भी आयोजन

**शहडोल।** हर साल की तरह इस साल भी जैतपुर में हजरत बाबा करामत शाह रहमतुल्लहा अलैहि की मजार में उर्स के मौके पर इज्तेमाई शादी का आयोजन उर्स कमेटी द्वारा किया जा रहा है। जिसमे 2 मई बरोज शुक्रवार को सुबह 9 बजे से गुस्ल, संदल एवं चादरपोशी व मिलाद व तकरीर रात 9 बजे से होगी। साथ ही 2 मई को इज्तेमाई निकाह बाद नमाज़ मगरिब शाम 7 बजे से होगा। जबकि रात 10 बजे से आसिफ चिस्ती, दरबारी कव्वाल - धनपुरी की जानिब से कव्वाली की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं अगले दिन 3 मई को रात्रि 9 बजे से हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल सुल्तान नाज़ा फिल्म प्लेबैक सिंगर अध्यक्ष बाम्बे, पूणे हिन्दुस्तान की मशहूर कव्वाला आ शाहिन शबा टी.वी. सिंगर बोकारो, झारखंड के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। उर्स कमेटी के पदाधिकारी मो. रईस खान, अनीश अहमद, सफीक कादरी, सूफी पीर मो. धनपुरी, राशिद मामू-पाली तथा चाँद खॉन नियाजी ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारी कमेटी द्वारा सन 2009 से 2024 तक कुल 169 जोड़ो की एवं सन 2024 में 12 जोड़ो की शरियतो सुन्नतो के मुताबिक बड़े धूमधाम से शादियां कराई जा चुकी है। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा करामत शाह रहमतुल्लाह अलैह का 84 वां सालाना उर्स मुबारक के मौकें पर इज्तेमाई शादियों का इंतजाम किया गया है। जिसमे कमेटी की तरफ से हर जोड़ो को घरेलू जरूरत का सामान भी तोहफे के रूप में दिया जाता है। साथ ही आने वाले मेहमानों के खाने का भी इंतजाम कमेटी के जानिब से किया गया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### कप्तान ने सहायक उपनिरीक्षक को किया निलंबित

**शहडोल।** पुलिस लाइन में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक को संदिग्ध आचरण के चलते निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव द्वारा की गई है। अधिकारी के इस कदम को पुलिस प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। खबर है कि निलंबित एएसआई अरविंद दुबे पर उनके कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप हैं। इस संदर्भ में प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया गया। एसपी राम जी श्रीवास्तव ने कहा पुलिस विभाग की गरिमा बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी यदि आचरण में लापरवाही या अनुशासनहीनता करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल निलंबित एएसआई के खिलाफ विभागीय जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा एक जांच समिति का गठन किया जा रहा है, जो मामले की गहराई से पड़ताल करेगी। इस दौरान निलंबित अधिकारी को मुख्यालय से अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं होगी और उन्हें जांच प्रक्रिया में सहयोग करना अनिवार्य होगा।

## फ्रंट फुट पर मशाल जुलूस, बैकफुट पर जिलाध्यक्ष और प्रशासन की चुप्पी

# पौराणिक बावड़ी के सीमांकन के बाद भी अतिक्रमण के विरोध में जुलूस







### अतिक्रमण दर्जनों का, लेकिन मुर्दाबाद के नारे जिलाध्यक्ष के

### किरण टाकीज से शेर चौक, गांधी चौक व इन्द्रा चौक से निकला मशाल जुलूस

करोड़ों की शासकीय भूमि पर सार्वजनिक पौराणिक बावड़ी और चपरा परिवार के बीच चल रहा विवाद बुधवार की शाम मशाल जुलूस के रूप में सामने आया, सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और आमजनों ने हाथ में मशाल लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा के खिलाफ नारेबाजी की, लेकिन पार्टी को किनारे रखा। भाजपा के शहडोल के इतिहास में इससे ज्यादा किरकिरी शायद पहले भी नहीं हुई।



**शहडोल।**

किरण टॉकीज शहडोल के समीप पौराणिक बावड़ी के स्थान पर बीते माहों में चपरा परिवार के द्वारा फैंसिंग लगाकर अपने कब्जे में किया गया, जिसके बाद इस मामले ने जमकर तूल पकड़ा, वार्डवासी सैकड़ों की संख्या में विरोध पर उतर आये और उन्होंने इसके लिए भाजपा की जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा और उनके परिवार को दोषी ठहराया, माह भर पूर्व धरना और प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद बीते पखवाड़े नागरिक अनशन पर बैठ गये, प्रशासन के निर्देश पर तहसीलदार सोहागपुर व नजूल विभाग की टीम ने लगभग 3 से 4 दिनों तक सीमांकन व नाप जोक किया, बाद में यह तथ्य ऑफ रिकार्ड सामने आये कि कब्जा किया गया भू-खण्ड म.प्र. शासन का है, जिसे हटाया जायेगा, इसलिए अनशन समाप्त कर दिया जाये। मुख्यालय के ग्राम भुईबांध खसरा नंबर 72 का भू-खण्ड जिसकी वर्तमान बाजार में करोड़ों रूपये कीमत आंकी गई है, जिसको खाली कराने के बाद ही अनशन समाप्त करने की घोषणा अनशनकारियों ने की, बुधवार की शाम करीब 7 बजे अनशन स्थल से सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, पुरूष व वृद्ध आदि ने मिलकर मशाल जुलूस निकाला और चपरा परिवार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मोदी-मोहन का पोस्टर सबसे आगे

अनशनकारी बुधवार की शाम जब मशाल जुलूस के रूप में सडक़ों पर नजर आये, इस दौरान जुलूस में सबसे आगे चल रही महिलाओं के हाथ में जल संवर्धन अभियान का स्वागत और नरेन्द्र मोदी और मोहन यादव के छायाचित्र वाला पोस्टर इस बात को दर्शा रहा था कि सडक़ पर उतरी जनता नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव को अपना आदर्श मानती है, निवेदक के रूप में किरण स्ट्रीट नवदुर्गा उत्सव समिति का उल्लेख किया गया था। हाथों में मशाल लेकर सैकड़ा भर महिलाएं, पुरूष व बच्चे शहर के प्रमुख चौराहों व मार्गो से गुजरते हुए सिर्फ अमिता चपरा व उनके परिवार के खिलाफ ही नारेबाजी करते नजर आये।

### भाजपा से परहेज, निशाने पर अतिक्रमण

अनशन स्थल से नारेबाजी करते हुए निकले वार्डवासियों ने लगातार भाजपा की जिलाध्यक्ष अमिता चपरा और उनके परिवार के खिलाफ नारेबाजी की, इस दौरान खास बात यह रही कि आंदोलनकारियों ने कहीं भी भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश तथा केन्द्र की भाजपा सरकार का नाम तक नहीं लिया, ध्वनि विस्तारक यंत्र में आंदोलनकारी पूरी तरह भाजपा के खिलाफत से परहेज करते नजर आये और उनके निशाने पर सीमांकन के बाद भी अतिक्रमण न हटने का गुस्सा साफ नजर आया।

### बैकफुट पर जिलाध्यक्ष व प्रशासन

भारतीय जनता पार्टी की शहडोल मुख्यालय ही नहीं आस-पास के अंचल में इस मामले को लेकर जमकर किरकिरी हो रही है, बीते माह जब अनशनकारी पहली बार आमसभा के रूप में नजर आये थे, उस दौरान भाजपा की जिलाध्यक्ष और दर्जनों भाजपाईयो ने अपना पक्ष रखा था, प्रशासन को शिकायत भी दी थी, लेकिन सीमांकन होने के बाद अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है, इस मामले में संगठन और खुद जिलाध्यक्ष को आगे आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, यही स्थिति राजस्व विभाग की भी है, दोनों ही बैकफुट पर खड़े नजर आ रहे हैं, जिस कारण गलत या सही का अंदाजा स्पष्ट न होने से पार्टी की जमकर भद्द पिट रही है।

### यूं ही नहीं बच्चे-महिलाएं सडक़ पर

आधुनिकता और दौड़-भाग वाली जिंदगी के बीच आम व्यक्ति को कुछ पलों की फुर्सत नहीं है, लेकिन दर्जनों अनशनकारी जिसमें महिलाएं और वृद्ध तक शामिल है, लगभग एक माह से लगातार अनशन और विरोध में खड़े नजर आ रहे हैं, बुधवार की शाम मशाल जुलूस में महिलाओं और बच्चों ने भी तपती सडक़ों के बीच मशाल जुलूस का हिस्सा बनकर हिन्दू धर्म और धार्मिक भावनाओं की रक्षा के लिए दुर्गा उत्सव समिति के बैनर तले जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया।



## पानी को सहेजने हेतु हम सब को एक जुट होकर करना होगा कार्य: विधायक

### विधायक एवं कलेक्टर ने ग्राम पंचायत चकौडिया में लगाई जल चौपाल

**शहडोल।**

'जल की एक-एक बूंद अमृत के समान है'। जल के बिना जीवन असंभव है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आहवान पर पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जल के संरक्षण, संवर्धन के साथ ही आम जन को जल प्रबंधन की जानकारी देना तथा जल के एक-एक बूंद को संरक्षित करना है। विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी बुढ़ार जनपद पंचायत के ग्राम चकौडिया में आयोजित जल चौपाल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि नदी, नाले, तालाब, स्टाप डैम, चेक डैम, कुआं, बावड़ी,खेत तालाब, आदि समाज की धरोहर हैं। इन जल संरचनाओं का संरक्षण एवं संवर्धन करके ही हम वर्षा के जल को बचा सकते हैं। वर्षा के जल को बचाने से जहां हमें खेती में सिंचाई के लिए पानी पेयजल, निस्तार, पशु पक्षियों के पीने के लिए पानी तथा वृक्षारोपण के पश्चात वृक्षों को जीवित रखने के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। हम सब को मिलकर यह प्रयास करना चाहिए कि वर्षा की बूंद-बूंद व्यर्थ बहकर न जाए। गांव का पानी गांव में तथा खेत का पानी खेत में ही संरक्षित कर लिया जाए। ऐसा करने से जहां गांव के जल स्तर में सुधार होगा वहीं गांव के चारो ओर हरियाली तथा समृद्धि आएगी।

इस अवसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अर्चना मिश्रा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढ़ार दिवाकर सिंह, ग्राम पंचायत चकौडिया की सरपंच श्रीमती शान्ति बाई पाव, सचिव नागेन्द्र त्रिपाठी, रोजगार सहायक रामसहोदर यादव, जन अभियान परिषद के परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति के सदस्य सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

**विधायक जैतपुर, कलेक्टर ने भी किया श्रमदान**

ग्राम पंचायत चकौडिया के जोबाधार स्टॉप डैम की साफ-सफाई एवं बोरी बंधान का कार्य किया गया। बोरी बंधान करने के बाद स्टॉप डैम में बहता हुआ पानी रूक गया जिससे नाले की धार में एक फिट पानी का जल स्तर दिखने लगा। ग्रामीण जन पानी मिल जाने से प्रसन्न थे। उनका कहना था कि अब निस्तार एवं पशु पक्षियों को पीने के लिए पानी आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। श्रमदान कार्यक्रम में विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अग्रणी भूमिका निभाई।

## कश्मीर में आतंकी हमले के विरोध में बीमा कर्मियों व अधिकारियों ने प्रदर्शन किया

**शहडोल।**



कश्मीर में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के विरोध में आज एल आई सी मंडल कार्यालय शहडोल में भोजनावकाश के दौरान बीमा अधिकारियों , कर्मचारियों व डेलीवेजर्स साथी ने प्रदर्शन कर सभा ली तथा मृतकों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस हमले में मारे गए 26 नागरिकों में इंदौर के एल आई सी अधिकारी सुशील नथानियल भी शामिल है। आतंकियों की इस कायराना हरकत की निंदा करते हुए शहडोल डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के महासचिव काम. स्वर्णेंदु दास ने कहा कि यह हमला मानवता पर एक धब्बा है और हमारी एकता को तोडऩे के लिये रचा गया षडयंत्र है। इसके खिलाफ कश्मीर सहित देश भर में पुरजोर विरोध जारी है। जिन तत्वों ने यह घृणित कार्य किया है, वे कश्मीरी जनता के शुभचिंतक नहीं हो सकते है। कश्मीर की अर्थ व्यवस्था का प्रमुख आधार पर्यटन है और पर्यटकों पर जघन्य हमला कर आतंकवादी आम कश्मीरियों की आजीविका पर ही संकट खड़ा कर रहे है, उन्होंने इस हमले में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते है। सभा को संबोधित करते काम. दास ने इस हमले की तीव्र निंदा करते हुए मांग की कि इस हेतु जिम्मेदार प्रत्येक दोषी को कानून के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। इस घटना ने कश्मीर में स्थिति सामान्य होने के केंद्र सरकार के दावे की कलई खोल दी है। केंद्र सरकार को कश्मीर समस्या के स्थाई राजनीतिक समाधान हेतु उचित पहलकदमी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और हर किस्म का आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इस घटना के खिलाफ कश्मीर सहित पूरे देश में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है और आज कश्मीर बंद रखा गया है। आम जनता को धर्म के आधार पर विभाजित किए जाने के देश विरोधी ताकतों के षडयंत्र को विफल करने आम जनता व मेहनतकशों को अपनी एकजुटता कायम रखने हेतु प्रतिबद्ध होना होगा। हमले के बाद स्थानीय लोगों ने धर्म व जाति का भेद भूलाकर घायलों की त्वरित सहायता की तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अस्पतालों में खून देने स्थानीय लोगों ने कतारे लगा दी। पहलगाम की घटना हम सबके लिए दर्दनाक है और इसने हमारी एकता के लिए कड़ी चुनौती तैयार की है। घृणा और हिंसा से लाभ उठाने वाले लोग नफरत की फसल काटने में जुट गये है लेकिन कश्मीर सहित देश की आम जनता की एकजुट आवाज हर तरह की हिंसा व नफरत की राजनीति के खिलाफ उठ रही है। का. दास ने दोषियों पर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की। सभा के अंत में मृतकों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आव्हान पर आज भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सतना,रायपुर, बिलासपुर एवं जबलपुर मंडल के बीमा कार्यालयों के समक्ष भी प्रदर्शन व शोक सभाओं के आयोजन सम्पन्न हुए।

## पत्नी ने लिव इन पार्टनर की चार माह बाद कर दी हत्या

**शहडोल।**



धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते लगभग 4 से 5 माह से लिविंग इन रिलेशन में रहने वाले आदिवासी समुदाय की महिला ने अपने प्रेमी और साथी की गला घोंट कर हत्या कर दी, यही नहीं हत्या के बाद उसने कहीं भगाने का प्रयास नहीं किया, बल्कि पड़ोसियों को बताने के बाद वह लाश के समीप घर की देहरी पर कई घंटे तक बैठी रही, सूचना के बाद धनपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

वहीं महिला को पूछताछ के लिए जब थाने लाया गया तो यह पूरी कहानी खुलकर सामने आई, महिला बीते कुछ महीनों से अपने पति को छोडक़र मृतक के साथ लिव इन पार्टनर के रूप में रह रही थी। घटना के संदर्भ में बताया गया कि मृतक सुरेश गोंड उम्र 32 साल की कुछ माह पहले आरोपी राधाबाई जिसके साथ वह लिविंग के रिलेशन में रह रहा था, दोनों के बीच फेसबुक से दोस्ती हुई थी, राधा बाई की शादी धनपुरी में ही एक युवक से कुछ साल पहले हुई थी, जिससे उसे एक पुत्र भी था, पति के द्वारा आए दिन शराब के नशे में मारपीट करने से परेशान हो चुकी राधा को सुरेश का जब सहारा मिला तो उसने अपने पति को छोडक़र अपने लगभग 5 साल के बच्चे के साथ सुरेश के यहां रहना शुरू कर दिया, शुरुआत में दोनों के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था, इसी दौरान सुरेश भी शराब का आदि हो गया और आए दिन उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा।

राधाबाई सुरेश की इन हरकतों से काफी परेशान थी, शायद यही कारण था कि घटना की रात जब सुरेश शराब पीकर आया और उसके साथ मारपीट करने लगा तो बचाव में उसने भी सुरेश के ऊपर संभवत हाथ उठा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई, हालांकि अभी यह पुलिस की विवेचना का मामला है।

मृतक की पत्नी अपने 5 साल के बच्चे के साथ सुरेश के यहां कई महीनो से रह रही थी, पड़ोसियों के बयानों पर यकीन करें तो घटना की रात सुरेश शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचा था और पहले की तरह गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया, आपसी झड़प के दौरान सुरेश ने 5 साल के बच्चे के साथ भी मारपीट की, बाद में राधाबाई ने अपने बच्चों को पास में रहने वाले नानी के घर भेज दिया, इसके बाद भी दोनों के बीच झड़प होती रही,चिकित्सकों ने मौत के कारणों के संदर्भ में यह बताया कि सुरेश की मौत गला दबाने से हुई है, पुलिस को जांच के दौरान गले में कुछ निशान भी मिले हैं, फिलहाल पुलिस इस मामले में बीएनएस की धारा 103 व अन्य के तहत अपराध दर्ज कर जांच कर रही है, इस मामले में मृतक की पत्नी को आरोपी के तौर पर देखा तो जा रहा है लेकिन अभी जब तक जांच स्पष्ट नहीं हो जाती तब तक कुछ कहना मुश्किल है।

## पहलगाम में दिवंगतजन को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**शहडोल।** जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे जिला कॉंग्रेस कमेटी ने,जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में निर्दोष पर्यटकों पर हुए नृशंस आतंकी हमले के विरोध मे गाँधी चौक शहडोल मे, कैंडलमार्च निकाल कर दिवंगत आत्माओं की शाँन्ति के लिए प्रार्थना की। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और केंद्र सरकार से कठोर कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल निर्दोष नागरिकों पर था और इसे किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता,नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम,पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, पार्षद पूर्णेन्द्र मिश्रा, सोहागपुर ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला,वरिष्ठ कांग्रेसी सुनील खरे,वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक बजाज, पार्षद हीरालाल प्रजापति, संजय पटेल,हरिशंकर तिवारी,प्रीतम सोनी, वरुण पाल, जसवीर सिंह पप्पू , धनु लाल बर्मन, अशोक तिवारी, प्रकाश दुबे, दलजीत सिंह बाबू, महेंद्र यादव,कान्हा कोरी, कान्हा गर्ग, दीपांशु, शिवांशु साहू, कृष्णा सिंह, आशु, अजय सनपाल आदि कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव

मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

## खबर संक्षेप

### यूपीएससी में अभिशील को मिली 538 वी रैंक



**उमरिया।** मंगलवार की दोपहर को यूपीएससी का फायनल परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है , जिसमें उमरिया जिले के नौरोजाबाद स्थित जीएम काम्प्लेक्स निवासी अभिषील जायसवाल ने 538वीं रैंक हासिल कर उमरिया जिले को गौरान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर उनके माता पिता, ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है। अभिषील ने हाई स्कूल तक की पढ़ाई नौरोजाबाद तथा बिरसिंहपुर पाली से पूरी की है। इंदौर से हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई पूरी की है। बनारस से ग्रेजुएशन बीए एलएलबी किया है तथा मास्टर डिग्री बैंगलोर से ली है। बताया जाता है कि वर्ष 2022 में पहली बार यूपीएससी का फेस किया था । दूसरी बार में उन्हें यह सफलता मिली है। अभिषील के पिता राजेश जायसवाल जोहिला क्षेत्र एसईसीएल नौरोजाबाद मुख्यालय में वायरलेस आपरेटर के पद पर पदस्थ है। माता स्नेहलता जायसवाल गृहिणी है। अभिषील दो भाई एवं एक बहन है। वर्तमान में अभिषील लखनऊ उत्तरप्रदेष रेल्वे में कार्यरत है, लेकिन इसके बाद भी इन्होने अपनी तैयारी जारी रखी और दूसरी बार में ही यूपीएससी में 538वीं रैंक लाई।

### बिजौरी के देवी मंदिर तालाब में घाट में की गई साफ-सफाई

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला उमरिया के जिला समन्वयक महोदय रविन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देशन में एवं विकास खण्ड समन्वयक महेन्द्र सिंह तराम के मार्गदर्शन में विकास खण्ड मानपुर के सेक्टर 5 ग्राम पंचायत बिजौरी के देवी मंदिर तालाब में घाट की साफ सफाई और तालाब के गाद निकाला गया । कार्यक्रम में रवि सिंह परामर्शदाता कल्याण यादव परामर्श दाता, सचिव पवन गुप्ता , छात्र मनोज कुमार कुशवाहा ज्ञानेश्वरी कुशवाहा, कृपा उपाध्याय, देवराज सिंह ,रघुराज यादव ,शिवानी गुप्ता, पलक सिंह, चुटुराम , और ग्रामीण जनों की सहभागिता से श्रमदान किया गया।

### 5 फरार जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोतमा।** कोयलांचल क्षेत्र में शातिर बदमाशों के द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में जुआ फड़ का संचालन किया जाता रहा है। पुलिस के द्वारा सूचना पर दबिश देकर कार्यवाही भी की जाती है। हाल में ही रामनगर थाना अंतर्गत जंगल में सजे बड़े जुआ फड़ होने की सूचना पर थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में टीम ने जंगल में छापा मार कार्यवाही की थी जंगल एवं रास्ते में लगे मुखबिरों के कारण फड़बाज, सूदखोर एवं जुआरी जंगल का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए ।पुलिस ने मौके से जुआरियों की 5 दो पहिया वाहन कीमती 2 लाख एवं जुआफ़ड़ से नगदी रुपए, दरी एवं ताश के 52 पत्तों को जप्त किया था। मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश लगातार किए जाने के बाद पुलिस ने मामले में जुआ सरगना धर्मेंद्र मिश्रा 35 वर्ष पिता भास्कर मिश्रा निवासी पसान ,सुधीर पटेल 35 वर्ष पिता रामस्वरूप पटेल निवासी बदरा थाना भालूमाड़ा,प्यारेलाल सोनी 46 वर्ष पिता संतलाल सोनी निवासी देवरी, तेजलाल केवट पिता सिपाही लाल केवट 30 वर्ष निवासी अमलई प्यारी एवं लोक राम चौधरी को गिरफ्तार करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट का मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि मामले में आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ नान्हे शातिर फाड़बाज है जिसके द्वारा थाना क्षेत्र बदल बदल कर जुआ फड़ का संचालन किया जाता है। हाल में ही भालूमाडा पुलिस ने भी बाड़ीखार, बगडुमरा से लगे जंगल में चल रहे जुआफड़ में छापा मार कर आरोपी आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ नान्हे के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस की कार्यवाही के बाद आरोपी के द्वारा रामनगर थाना अंतर्गत आकर जंगल में जुआ का खेल खिलाया जा रहा था जहां से भी दबोचते हुए कार्यवाही की गई।

### सरपंच, सचिव व सहायक सचिव की ग्रामीणों ने की शिकायत

# योजनाओं का बजट खुर्द-बुर्द कर बन बैठे मोटे असामी

**शहडोल।** ग्राम पंचायतों के भ्रष्टाचार के मामले में अनूपपुर जिले की पंचायतें भी रिकार्ड तोड़ रहीं हैं, लेकिन इन पर अंकुश लगाए जाने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। परिणामस्वरूप सरपंच व सचिव शासकीय योजनाओं का दुरुपयोग कर मनमानी राशि आहरित कर रहे हैं और अट्टलिकाएं तान रहे हैं। सरपंच व सचिव पंचायत के पैसे का गबन कर पूंजीपति बनते जा रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद इनकी न तो छानबीन होती है और न इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई हो रही है। पंचायत का सरकारी पैसा दोनो हाथ बटोरा जा रहा है। पुष्पराजगढ़ जनपद अंतर्गत स्थित पड़मनिया पंचायत में भी घोर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यहां के सचिव, सरपंच व सहायक सचिव आदि जमकर धन बटोर रहे हैं और मिल्कियत खड़ी कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि सचिव दरयाब सिंह, सरपंच मन्ती सिंह, उपसरपंच लमिया सिंह तथा सहायक सचिव रुकणी सिंह ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है और इन पर आंच नहीं आ रही है।




### सरकारी पैसे का जमकर दुरुपयोग

कमिश्नर से ग्रामीणो ने शिकायत कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है कि पड़मनियां पंचायत में आदिवासी विकास की योजनाओं के लिए आने वाला भारी भरकम बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उसे इधर उधर थोड़ा बहुत खर्च कर सरपंच, सचिव व सह सचिव आदि मिलकर रकम को खुर्द-बुर्द कर दिया जाता है। विगत कुछ वर्षों के अंतराल में विभिन्न योजनाओं के नाम पर 1 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक की राशि व्यय की गई थी। परंतु यदि मौके पर जांच की जाए तो 10-15 लाख से अधिक के कार्य हुए दिखाए नहीं पड़ते हैं। नाम मात्र का काम कराकर सारा पैसा डकार लिया गया है। कई हितग्राही मूलक योजनाएं नलजल योजना, घर घर कूप निर्माण, कपिल धारा योजना प्रसूति योजना, जनमन योजनाओं का समुचित रूप से क्रियान्वयन नही किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास भी अधूरे पड़े हैं।

### योजनाओं के लिए ली रिश्वत

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सचिव ने सडक़ बनवाने, राशन कार्ड , सोख्ता गड्ढे आदि के निर्माण के लिए डेढ़ हजार रूपए की रिश्वत वसूली गई है। इसके अलावा अन्य कार्यों जैसे प्रमाण पत्र बनवाने व स्वीकृति आदि लेने के लिए भी रिश्वत मांगी जाती है। ग्रामीण सचिव के रिश्वतखोरी से काफी परेशान है। अधिकांश योजनाएं अपूर्ण हैं और निर्माण कार्य घटिया दर्जे के कराए गए हैं। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी भी नहीं दी जाती है, जो सरपंच व सचिव के चहेते होते हैं केवल उन्हे ही जानकारी दी जाती है और उनसे ही आवेदन करवाया जाता है। यहां मनरेगा मजदूरी का भी हाल बे हाल है। लोगों को पर्याप्त काम नहीं मिल रहा है।

### अकूत संपत्ति कमाई है

ग्रामीणों के अनुसार छीरपानी व कल्याणपुर तथा घुनघुटी आदि के विभिन्न स्थानों में अचल संपत्ति क्रय की गई है। सचिव दरयाब सिंह, सरपंच मन्ती सिंह, उपसरपंच लमिया सिंह तथा सहायक सचिव रुकणी सिंह ने छीरपानी में दो मंजिला मकान बनवाया है, मकानों में दूकाने भी संचालित करा रखा है। इनके पास चार पहिया व दो पहिया वाहन भी हैं, 10 एकड़ की भूमि कल्याणपुर में तथा 20 एकड़ भूमि घुनघुटी में व कई अन्य जगह अचल संपत्ति बनाई गई है। इनके पास वर्तमान में 100 एकड़ से भी अधिक जमीने हैं। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2014 में इनके विरुद्ध जांच पड़ताल हुई थी तब 1 करोड़ 46 लाख की अचल संपत्ति व दस्तावेज बरामद हुए थे। लेकिन इन पर अभी तक कोई आंच नहीं आई है। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी पंचायती क्षेत्र बीहड़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। जिसका विक ास होना चाहिए लेकिन यहां पंचायत के कर्मचारी अपनी रोटी सेंकने में लगे रहते हैं।

# जल ही जीवन का आधार है, इसकी हर बूंद सहेजें- कलेक्टर

### ग्राम पंचायत धमोखर के बरूहा नदी में किया गया बोरी बंधान







**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार आयोजित किया जा रहा है । नवाचार के तहत नदी , नालों में बोरी बंधान के माध्यम से सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य चल रहा है। जल ही पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व का आधार है। इस की एक-एक बूंद सहेजने की आवश्यकता है। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत धमोखर खैरा स्थित बरूहा नदी में बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होने कहा कि अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार अब जन अभियान का रूप ले रहा है । नवाचार में शासकीय सेवक सहित ग्रामीण जनों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है । यह नवाचार 30 जून तक अनवरत जारी रहेगा । बोरी बंधान हो जाने पर वाटर लेबल बढ़ेगा इसके साथ ही पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी । पानी को सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है।पेयजल का उपयोग पशु ,पक्षी के साथ ही ग्रामीण जन निस्तार में उपयोग कर सकेगे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जल की एक -एक बूंद को सहेजने ग्राम पंचायतों में अपनी मिट्टी अपना जल आयोजित किया जाएगा । जिले में 200 स्थलों का चयन बोरी बंधान के लिए चिन्हित किये गये है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा चलाये गये जल गंगा संवर्धन अभियान बनता जा रहा है, जिसमें सभी वर्ग के लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जल को संरक्षित करनें का कार्य कर रहे है । अभियान के तहत नदी, नालो, तालाबो, पोखर, बावडिय़ो, कुओं आदि की साफ सफाई तथा जीर्णोध्दार के कार्य किए जा रहे है , इसके साथ ही अमृत सरोवर, खेत तालाब का भी निर्माण किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो अनवरत 30 जून तक चलता रहेगा ।

## डॉ. भीमराम अम्बेडकर जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** करकेली विकासखंड के आनंद ग्राम पठारी सभागार में म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला द्वारा डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जनपद सदस्य सुखसेन कोल ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर हमारे देश में एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने आजाद भारत को सामाजिक,आर्थिक और वैधानिक दृष्टिकोण दिया। हमारे राष्ट्र के संचालन के जितने भी मूलभूत कांस्टीट्यूशनल इंस्टीट्यूशंस हैं, जितने भी महत्वपूर्ण डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशंस हैं, उन सबकी नींव में, उन सबके फाउंडेशन में बाबा साहब अम्बेडकर के चिंतन और उनके विचारों की ताकत जुड़ी हुई है। जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने कहा कि हमें अम्बेडकर जी के समरसता के सिद्धांत को आगे बढ़ाना है और सभी को उन्नत राष्ट्र के निर्माण में सहयोग देना चाहिए श्री शुक्ला द्वारा बताया गया कि डॉक्टर साहब द्वारा हमारे समाज के महिला, दलित और किसान वर्ग के अधिकारों हेतु अपने जीवन पर्यंत संघर्ष किया मुख्य अतिथि सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम ने सभी को बाबा साहब से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक समरसता को लेकर काम करने हेतु संकल्प लेने की बात कहीं। अंत में आभार दीपक नामदेव नवांकुर संस्था प्रमुख द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम में शिक्षक संजय पांडे, शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा कटारे, कुसुम पाठक , रूपा द्विवेदी,आशा तिवारी , नवांकुर संस्था प्रतिनिधि दीपक नामदेव,परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी, सीएमसीएलडीपी छात्र पंकज कोरी,चंद्रवती बर्मन,पूजा बर्मन,खुशबू सिंह, उषा सिंह सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।



## संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जंयती 25 को, व्यापक तैयारी

**उमरिया।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन बांधवगढ ताला में 25 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सीमित संख्या (अधिकतम 100 व्यक्तियों के) निःशुल्क प्रवेश की अनुमति प्रधान वन संरक्षक (वन्यप्राणी) भोपाल द्वारा प्रदान की गयी है। जिसके तहत सेन जी महराज की जयंती कार्यक्रम मनाये जाने हेतु श्रद्धालुगण बांधवगढ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताला वि.ख. मानपुर में स्मारक स्थल पर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहेगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी.चौधरी से कहा है कि श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा दल की आवश्यक किट के साथ ड्युटी लगाया जाना सुनिश्चित करें।

## सेन जी महाराज की झांकी, रैली कार्यक्रम मंगल भवन में आज

**कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एसडीएम बांधवगढ अधिकृत**

**उमरिया।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन बांधवगढ ताला में 25 अप्रैल को किया गया है। भारतीय सेन समाज उमरिया द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की झांकी के साथ रैली व स्थानीय कार्यक्रम 24 अप्रैल 2025 को नगरीय क्षेत्र उमरिया मंगल भवन परिसर में सम्पन्न किया जावेगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कमलेश राम नीरज, अनुविभागीय दण्डाधिकारी बांधवगढ़ को अधिकृत किया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी बाँधवगढ़ कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तथा अपने स्तर से सहयोग हेतु अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाकर कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहेंगें।

# पीएफ-पेंशन मामले को लेकर एसईसीएल निदेशक ने ली बैठक

### सी-केयर्स पोर्टल को और अधिक प्रभावी बनाने दिया जोर



**राजनगर।** एसईसीएल के निदेशक (एचआर) बिरंची दास ने 22 अप्रैल को कंपनी मुख्यालय कर्मियों और पीएफ पेंशन से उनके संबंधित मामलों परिजनों को के शीघ्र एवं सुगम हरसंभव सहायता मिलेगी निपटान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण बैठकें कीं। प्रथम बैठक में सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडेक) तथा सीएमपीएफओ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए श्री दास ने सी कारेस पोर्टल के माध्यम से पीएफ-पेंशन मामलों का न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। बैठक में सी-कारेस पोर्टल के तकनीकी एवं प्रायोगिक पहलुओं की समीक्षा कर उसमें सुधार करने सुझाव दिए। पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया ताकि यह और अधिक सुलभ, भरोसेमंद व परिणामकारी बन सके।

### सेवानिवृत कर्मियों और उनके परिजनों को मिलेगी हर संभव सहायता

दूसरी बैठक में बिचंडी दास ने सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर एवं जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। इसमें सीएमपीएफ़ नंबर अलॉटमेंट, पेंशन पेमेंट ऑर्डरएवं संशोधित पीपीओ जारी करने की प्रक्रियाओं में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विधवा पेंशन, पुराने लंबित पीएफ प्रकरण, संशोधित पीपीओ तथा एनसीडब्ल्यू-11 के लागू होने के पश्चात पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। बिचंडी दास ने कहा कि पेंशन लाभार्थियों को इन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए समय पर लाभ प्राप्त कर सकें।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में रीजनल कमिश्नर 1 हरी पचौरी हैदराबाद, जॉइंट डायरेक्टर सीडेक बैंगलोर मोहित वेद, रीजनल कमिश्नर - 1 सीएमपीएफ़ओ बिलासपुर जेएस राय, रीजनल कमिश्नर - 2 सीएमपीएफ़ओ जबलपुर पीके जैन सहित एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों के एचआर अधिकारियों एवं मुख्यालय के अधिकारी मौजूद थे।

# थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में तीन महीने में चली पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

### जनता में बढ़ा भरोसा, अपराधियों में खौफ, रामनगर बना अपराध मुक्त थाना क्षेत्र का उदाहरण

**राजनगर।** रामनगर थाना की कमान जब से सुमित कौशिक जैसे दबंग, निडर और तेजतर्रार अधिकारी के हाथों में आई है, तब से पूरे इलाके की फिजा ही बदल गई है। अपराध पर उनकी सख्त पकड़ और कानून व्यवस्था को चुस्त करने की उनकी शैली ने रामनगर को अपराध मुक्त बनाने की ओर तेजी से अग्रसर किया है। पिछले तीन महीनों में रामनगर पुलिस ने एक के बाद एक ऐसी कार्रवाइयां की हैं, जिसने न सिर्फ अपराधियों की कमर तोड़ दी है, बल्कि जनता के दिलों में सुरक्षा और भरोसे की लौ फिर से जला दी है।

### 5 मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई से टूटा नेटवर्क

रामनगर पुलिस ने लगातार 5 मामलों में जुआ खेलते लोगों को रंगेहाथ पकड़ते हुए जुए के अड्डों को ध्वस्त किया। इन कार्रवाइयों ने क्षेत्र में चल रहे गुप्त जुआ कारोबार की कमर तोड़ दी और यह संदेश साफ कर दिया कि अब कोई गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रामनगर पुलिस ने एक सुनियोजित रणनीति के तहत 6 अलग-अलग स्थानों पर सट्टा कारोबारियों के अड्डों पर छापेमारी की और उन्हें धर-दबोचा। यह एक ज़बरदस्त झटका था उस पूरे अवैध नेटवर्क के लिए, जो लंबे समय से छुपकर फल-फूल रहा था।

### अवैध शराब कारोबार पर जबरदस्त प्रहार

43 अलग-अलग मामलों में रामनगर पुलिस ने अवैध शराब के धंधे पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर दिखा दिया कि नशे के इस ज़हर को मिटाना अब प्राथमिकता है। इन कार्रवाइयों से ना सिर्फ शराब माफियाओं की रीढ़ टूटी है, बल्कि युवाओं को भी नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश गया है। रामनगर पुलिस ने पशु क्रूरता और तस्करी जैसे संवेदनशील मामलों में भी तत्परता दिखाई है। तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में पशुओं को बुचड़खाने ले जाते पशु तस्करों को पकड़कर यह साबित कर दिया कि यहां अब हर प्रकार का अपराध नकेल में है – चाहे वो इंसानों के खिलाफ हो या बेजुबानों के।



### 15 परिवारों को लौटाई मुस्कान

किसी अपने के खो जाने का दर्द वही जानता है जिसने उस पीड़ा को महसूस किया हो। एक गुमशुदा परिजन के इंतज़ार में बीतने वाले हर पल भारी होते हैं। लेकिन रामनगर पुलिस ने इस दर्द को समझा और इसे अपनी ज़िम्मेदारी बना लिया। रामनगर थाने की पुलिस टीम ने दिन-रात मेहनत कर कई गुमशुदा व्यक्तियों को उनके परिवार से मिलाने में कामयाबी हासिल की है। आधुनिक तकनीक, सतर्कता और इंसानियत से भरपूर प्रयासों की बदौलत यह कार्य संभव हो सका। रामनगर पुलिस ने अपने मानवता भरे प्रयासों से 15 गुमशुदा व्यक्तियों को तलाशकर उनके परिवारों को सौंपा। यह सिर्फ कानूनी कार्य नहीं, बल्कि एक भावनात्मक सेवा है, जिससे आम जनता का पुलिस पर विश्वास और भी मज़बूत हुआ है।

### गिरफ्तारी वारंट पर 40 मामलों में एक्शन

लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ रामनगर पुलिस ने जबर्दस्त अभियान चलाया और 40 मामलों में गिरफ्तारी वारंट तामील कर अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया। ऐसे अपराधी जो वर्षों से कानून को धता बताकर खुले घूम रहे थे, रामनगर पुलिस की नजरों से नहीं बच सके। 8 मामलों में स्थाई वारंटियों को पकड़ा गया, जिससे ये संदेश गया कि अब कोई भी अपराधी सुरक्षित नहीं।

### रामनगर बना अपराध मुक्त थाना क्षेत्र का उदाहरण

इन सभी कार्रवाइयों के पीछे जिस हाथ ने कमान संभाली है, वह है थाना प्रभारी सुमित कौशिक का दबंग नेतृत्व। उनका सख्त, अनुशासित और ईमानदार रवैया पूरी रामनगर पुलिस की कार्यशैली में झलकता है। अब रामनगर की जनता पुलिस को केवल वर्दीधारी नहीं, बल्कि रक्षक के रूप में देखती है। सुमित कौशिक, अब सिर्फ एक नाम नहीं, अपराधियों के लिए खौफ और ईमानदार नागरिकों के लिए गर्व बन चुके हैं।

# लमसरई से तुलरा के जंगल पहुंचे तीन हाथी

**अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह विगत तीन दिनों से वन परिक्षेत्र, थाना एवं तहसील राजेंद्रग्राम के इलाके में पहुंचकर दिन में जंगलों में ठहरते हुए रात होने पर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर घरों एवं खेतों में लगी एवं रखी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं हाथियों के डर से ग्रामीण रात भर जाग रहे हैं वही हाथियों के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु वनविभाग, पुलिस विभाग एवं ग्राम पंचायतो के पदाधिकारी निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत करते हुए सुरक्षा कर रहे हैं। तीन हाथों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर के इलाकों में विचरण करने बाद तीन दिनों से राजेंद्रग्राम इलाके में पहुंचकर दिनों में जंगलों में विश्राम करने के बाद देर रात जंगलों से निकलकर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर खेत एवं बांडियों में लगे, रखे विभिन्न प्रकार के खाने की सामग्री को अपना आहार बना रहे हैं। 20 एवं 21 अप्रैल के मध्य रात्रि तीनों हाथी अनूपपुर के बड़हर इलाके से पहाड़ चढ़ते हुए राजेंद्रग्राम के दुधमनिया गांव अंतर्गत महुआटोला में पहुंचकर तीन ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ करते हुए सोमवार की सुबह लेढरा बीट अंतर्गत पिपरहा के जंगल में दिनभर विश्राम करने बाद मंगलवार की सुबह लमसरई बीट के जंगल में पहुंचकर दिनभर ठहरने बाद शाम एवं रात होते ही जंगल से निकल कर घाटा बैरागी से होकर जोहिला नदी पार कर खुसुरगोड़, तरंग कातुरदोना गांव में 5-6 ग्रामीणो के घरों में तोड़फोड़ कर कई स्थानों पर खेत एवं बांडियों में लगे,रखे विभिन्न तरह की फसलो को अपना आहार बनाते हुए बुधवार की सुबह वन परिक्षेत्र राजेन्दग्राम के तुलरा बीट अंतर्गत श्यामदुआरी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं हाथियों के निरंतर विचरण पर वनविभाग का गश्ती दल, पुलिस एवं ग्राम पंचायतो के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ निरंतर निगरानी रखते हुए हाथियों एवं ग्रामीण की सुरक्षा कर रहे है वही अचानक हाथियों के ग्रामीण अंचलों में पहुंचने के कारण कई गांव के ग्रामीण रात-रात भर जाग कर रात बिताने को मजबूर हैं, वनविभाग के द्वारा हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क एवं सचेत रहने हेतु मुनादी एवं अन्य माध्यमों से सूचनाओं दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अब प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक खुलेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने तेज धूप की वजह से बढ़ी गर्मी के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य हित के मद्देनजर जिले के आँगनबाडी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर मंगलवार को जारी आदेश में वर्तमान समय में मौसम के तापमान मे हुई वृद्धि के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी आँगनबाडी.केंद्र अब प्रातः 8 बजे से खुलेंगे और दोपहर 12 बजे तक बच्चों को छुट्टी दे दी जाएगी। जिले मे आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में यह आंशिक परिवर्तन 30 जून 2025 तक की अवधि के लिए किया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका को आंगनबाड़ी केन्द्रों मे निर्धारित समय प्रातः 8 बजे उपस्थित होकर दोपहर 3 बजे तक विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा गृह भेंट, अभिलेखों का संधारण एवं अन्य गतिविधियां पूर्ववत रखने के निर्देश दिए है।

### किराये के मकान में युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** किराये के मकान में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इन्द्रा ज्योति कॉलोनी की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार रोहिता शुक्ला पिता राजाराम शुक्ला (24) निवासी ग्राम ककेरी बेलखेड़ी थाना रहली जिला सागर हाल निवासी इन्द्रा ज्योति कॉलोनी विजय गुप्ता के किराये के मकान में शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है।

### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कटनी।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर अब 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबें का सत्यापन 5 मई तक हो सकेगा।

### सिहुड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कल

**कटनी।** विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत सिहुड़ी में गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, उनके दुःख -दर्द का निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### हटाए गए डीपीसी

**कटनी।** जिला परियोजना समन्वयक केके डेहरिया को पद से पृथक कर दिया गया है। उनकी जगह कटनी का जिला परियोजना समन्वयक प्रेम नारायण तिवारी को बनाया गया है। उपसचिव मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग कमल सोलंकी द्वारा आदेश जारी करते हुए प्रेम नारायण तिवारी को डीपीसी कटनी की कमान सौंपी गई है। डीपीसी केके डेहरिया के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पंचायत सदस्य मोहिनी देवी ने एक शिकायती पत्र संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को लिखा था। आरोपों की जांच कराए जाने के उपरांत पद से हटाया गया है।

## एनएच 43 की जर्जर हालत को लेकर व्यापारियों का बड़ा विरोध

# आज पाली के बाजार में लटकेगा ताला

उमरिया

**उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में एनएच 43 की खस्ताहाल सड़कों से परेशान होकर पाली नगर के व्यापारियों ने आज सामूहिक रूप से अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करने का निर्णय लिया है।**





प्रशासन की अनदेखी और लगातार मांगों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराज व्यापारी संघ के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया। सुबह से ही नगर के मुख्य बाजारों में दुकानें बंद रहीं और व्यापारी सड़कों पर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराते नजर आए।व्यापारी संघ ने बीते दिनों तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए नगर की जर्जर सड़क की ओर प्रशासन का ध्यान खींचा था। ज्ञापन में विशेष रूप से उत्कृष्ट विद्यालय से लेकर जैन पेट्रोल पंप तक एनएच 43 पर मौजूद गहरे गड्ढों की मरम्मत और डामरीकरण की मांग की गई थी। संघ ने प्रशासन को 21 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन निर्धारित समयसीमा बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।नगर की प्रमुख सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्कूली बच्चों, वृद्धजनों सहित आम नागरिकों के लिए यह मार्ग अब जानलेवा बन गया है। व्यापारियों का कहना है कि इन सड़कों से न सिर्फ आम जनता को परेशानी हो रही है, बल्कि व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्राहक अब बाजार आने से कतरा रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।व्यापारी संघ के अध्यक्ष विमल अग्रवाल ने बताया, ₹हम कई महीनों से प्रशासन से इस मुद्दे को लेकर गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। जब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं होता, हमारा आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।₹वहीं एसडीएम अंबिकेश सिंह ने स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया, ₹व्यापारियों द्वारा सौंपा गया ज्ञापन हमने कलेक्टर महोदय को भेज दिया है। साथ ही रोड निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात कर उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे यथाशीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू करें।₹ श्री सिंह ने बताया कि व्यापारियों से अनुरोध किया गया था कि बाजार बंद न करें, लेकिन यदि वे ऐसा करते हैं तो शांतिपूर्ण ढंग से करें और कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।व्यापारी संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। अब नगर के नागरिकों की नजरें प्रशासन पर टिकी हैं, कि वह कब इस गंभीर समस्या का समाधान करता है और पाली को टूटी-फूटी सड़कों से राहत दिलाता है।

## संविदा कर्मियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित



संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की प्रस्तावित हड़ताल का असर सरकारी अस्पताल में दिखाई देने लगा है। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई और मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रीठी के सरकारी अस्पताल में संविदा पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल के चलते अस्पताल में मरीजों को परेशान होना पड़ा यहां पर खंड चिकित्सा अधिकारी ही मरीजों का इलाज करते दिखे। हालत यह रहे कि अस्पताल की सभी जिम्मेदारियां अकेले बीएमओ पर आ गईं जो स्वयं मरीजों को देखने में लगे रहे। इस बारे मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मेघेंद्र श्रीवास्तव ने बताया है कि हम अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहे हैं कि मरीजों को कोई परेशानी न हो, लेकिन स्टाफ की कमी से दिक्कत तो हो रही है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाएं रुक–सी गई हैं और हड़ताल का असर आने वाले दिनों में और भी गहरा हो सकता है अगर जल्द कोई समाधान नहीं निकाला गया सरकारी अस्पतालों में आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहले ही सीमित हैं, ऐसे में संविदा कर्मियों की हड़ताल ने हालात और भी मुश्किल बना दिए हैं। देखना होगा प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

## सरपंच के अथक प्रयासों से हुआ सड़क निर्माण

**1984 से थी सड़क पेंडिंग। स्कूल शिक्षा विभाग लगातार कर था प्रयास। क्षेत्र के विधायक शरद कोल का भी जताया आभार**

ब्यौहारी।

ब्यौहारी-जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका छेत्र से लगे ग्राम पंचायत साखी में हाई स्कूल जाने के लिए सड़क नहीं थी ग्रामीणों के अनुसार 1984 में सखी हाई स्कूल खुली थी लेकिन आवागमन के लिए सड़क नहीं थी विद्यार्थियों को कच्चे मार्ग से ही स्कूल जाना पड़ता था विद्यार्थी और शिक्षक कच्चा मार्ग होने के कारण बरसात के समय में पैदल स्कूल जाते थे लेकिन



वर्तमान सरपंच हीरालाल साकेत की दृढ इच्छा शक्ति से 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो चुका है इस सड़क के निर्माण में कई बधायें थी उनको सरल बनाने में विधायक शरद कोल ने पूरा सहयोग किया जिससे यह कार्य सफल हुआ इसमें समस्या यह थी की बहुत सारे लोगों की जमीन फंस रही थी जिसमें सरपंच द्वारा निरंतर तहसील मुख्यालय जाकर पहले ट्रेजन कराया उसके बाद सड़क पर काम शुरू कराया सड़क निर्माण शुरू होने के मोहल्ले के कुछ लोगों ने अड़ंगा डालने की कोशिश की लेकिन एसडीएम सौम्या आनंद, विजय सिंह सीईओ, तहसीलदार अजय पांडे नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी, सचिव प्रतिमा द्विवेदी ,पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह रोड सफलतापूर्वक बनाई गई इस रोड के बन जाने से पूरे ग्राम पंचायत में खुशी का माहौल है। इससे साबित होता है कि यदि जन प्रतिनिधियों में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो लोगों की कोई भी मांग अधूरी नहीं रह सकती इसी तरह की दृढ़ इच्छा शक्ति यदि जिले के प्रत्येक सरपंच दिखाएं तो हर जगह सार्वजनिक महत्व के ऐसे कार्य पूर्ण किए जा सकते हैं

## एक दिवसीय अल्पविराम सह परिचय कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिले के करकेली विकासखंड स्थित आनंद ग्राम पठारी में आनंद विभाग उमरिया द्वारा एक दिवसीय अल्पविराम सह परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथिजनों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दीप प्रज्वलन व सबका मंगल होय रे की सामूहिक प्रार्थना के साथ किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर संजय पांडेय द्वारा सभी प्रतिभागियों का परिचय लेते हुए राज्य आनंद संस्थान का परिचय वीडियो दिखाया और प्रतिभागियों को संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया गया। अल्पविराम विराम के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा खुद से खुद की मुलाकात, खुद से खुद का संपर्क, खुद से खुद की बात ही अल्पविराम है। अल्पविराम के माध्यम से ही हम अपने जीवन




को संतुलित कर सकते हैं, तनाव मुक्त कर सकते हैं, जीवन में आ रहे आवेगों और उद्वेगों पर नियंत्रण करते हुए अपनी आत्मा की आवाज सुन सकते हैं और संपूर्ण पवित्रता, ईमानदारी व सच्चाई के मार्ग पर चल सकते हैं। आनंद क्या है? आनंद कब-कब बढ़ता है? आनंद कब - कब घटता है? आदि पर सविस्तार चर्चा करते हुए कहा प्रतिस्पर्धा के इस युग में आम आदमी का आनंद कहीं खो गया है।उस खोए हुए आनंद को जीवन प्रबंधन के द्वारा पुनः लाया जा सकता है । विश्वास और आनंद की लौ से व्यक्ति अपने जीवन को प्रकाशित कर सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से आनंद कैसे प्राप्त करें? जीवन प्रबंधन के बारे में परिचय कराया एवं मानसिक तनाव को दूर करने के बारे में बताया गया। द्वितीय सत्र में मास्टर ट्रेनर कुसुम पाठक एवं मास्टर ट्रेनर आशा तिवारी द्वारा जीवन का लेखा-जोखा बताते हुए सभी प्रतिभागियों को बताया कि हम अपने जीवन रूपी कंपनी के सीईओ हैं। तृतीय सत्र में मास्टर ट्रेनर प्रतिभा कटरे द्वारा जीवन में रिश्तों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव, वीडियो व अपने रिश्तों के मैप के माध्यम से प्रतिभागियों को रिश्तों की अहमियत समझाते हुए अपने जीवन में बिगड़े रिश्तों को सुधारने के लिए प्रयास करने को कहा। चौथे सत्र में मास्टर ट्रेनर दीपक नामदेव द्वारा फ्रीडम ग्लास के माध्यम से स्वयं के जीवन में परिमार्जन व परिशोधन की कहानी अपने ही जीवन के उदाहरणों से प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों से भी सत्र के बीच में अनुभव प्राप्त किए गए एवं फीडबैक लिया गया। सभी प्रतिभागियों ने स्वीकारा कि आज का यह कार्यक्रम उनके जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी व सार्थक है। राजेश त्रिपाठी ने कहा कि आज के कार्यक्रम से उन्हें अपने जीवन में बिगड़े रिश्तो को सुधारने में मदद मिलेगी। सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम ने अपने अनुभव साझा किया और कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें इतना अच्छा लगा है कि वो आगे भी इसे जुडना चाहते हैं। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद जिला उमरिया के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला, मास्टर ट्रेनर - संजय पांडेय, दीपक नामदेव, कुसुम पाठक, प्रतिभा कटरे, आशा तिवारी, रूपा द्विवेदी , शैलेन्द्र सिंह गहरवार, एसआई

## पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के सहयोग से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलाया गया। पोषण पखवाड़ा में जीवन के प्रथम 1 हजार दिवस केंद्रित गतिविधियां, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन एवं बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली



को अपनाने की थीम रही।

मंगलवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह के नेतृत्व में जिले अंतर्गत समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में पोषण पखवाडा समापन के उपलक्ष्य गतिविधि कराई गई। माताओं को 1 हजार दिवस एवं वृद्धि निगरानी के बारे में बताया गया। आंगनवाडी केंद्र में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष आयु वर्ग के 1 लाख 17 हजार 231 बच्चो का 10 दिवसीय वजन मेला का आयोजन किया गया। आंगनवाडी कार्यकर्ताओ द्वारा बच्चो के पोषण स्तर पर नियमित निगरानी हेतु परिजनों के समक्ष शारीरिक माप उचाई एवं वजन का माप लिया एवं बच्चो के तीन माह का ग्राफ चार्ट दिखा कर पोषण परामर्श दिया गया। बच्चो के शारीरिक माप की प्रविष्टियां पोषण ट्रैकर एप में किया जा कर शारीरिक माप में चिन्हित बच्चो का बैड (सामुदायिक आधारित पोषण प्रबंधन) कार्यक्रम में पंजीयन करा कर पोषण प्रबंधन किया जा रहा है।ड (अतिकुपोषित) बच्चो में भूख की जाँच में फ़ैल बच्चो को छत्ब में

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 131 आवेदकों की समस्याएं

# कलेक्टर को सुनाई व्यथा, नहीं मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री यादव ने 131 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता एवं संस्कृति शर्मा मौजूद रहें।

### दिव्यांग दम्पत्ति की करें मदद

ग्राम अमेहटा पो. काहनगांव निवासी सोनू नामदेव पिता शंभू प्रसाद नामदेव ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि मैं 75 प्रतिशत दिव्यांग हूँ। जबकि मेरी पत्नी 60 प्रतिशत दिव्यांग है। मैंने



सोनाटा फाइनेंस प्रा.लि. से लोन लेकर अपनी पत्नी का दाखिला श्रमधाम कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कैमोर कॉलेज में बीएड प्रथम सेमेस्टर में करवाया। मेरी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से लोन चुकाने एवं पत्नी का बीएड कोर्स कम्प्लीट करवाने में मुझे परेशानी हो रही है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक को समय-सीमा में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

### लंबित राशि का भुगतान करायें

ग्राम टिकरिया तहसील स्लीमनाबाद निवासी पुष्पेंद्र कुमार हल्दकार ने कलेक्टर श्री यादव को बताया कि मेरे द्वारा ट्रैक्टर के माध्यम से ग्राम धनवाही मंदिर के पास, कौडिया नल के पास एवं कौडिया कमानिया गेट के पास साफ-सफाई एवं मरम्मत का कार्य जुलाई-अगस्त 2024 में कराया गया था। परंतु इस कार्य का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। राशि मांगने पर पंचायत द्वारा आठ माह से टाल-मटोल की जा रही है। एवं सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर एफआईआर करने की धमकी दी जा रही है। जिससे मै मानसिक रूप से परेशान हूँ। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को उचित निराकरण के निर्देश दिए।

### बकाया वेतन एवं पीएफ दिलायें

ग्राम सिंघनपुरा तहसील विजयराघवगढ़ निवासी नीरज केवट पिता विशेसर केवट ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि मैं ग्राम घुनौर पी.ए.सी में सुरक्षा कर्मी के पद पर पिछले पांच साल से काम कर रहा हूँ। मेरा 4 वर्ष का पीएफ एवं 7 माह का वेतन बकाया है जिससे मेरी आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को समय-समय सीमा में मामले का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

इंदिरा गांधी वार्ड निवासी सीताराम सेन ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी व्यथा सुनाते हुये कहा कि मैं गरीबी रेखा से नीचे का हितग्राही हूँ, परंतु अंगूठा न लगने के कारण मुझे आयुष्मान कार्ड, बैंक व राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मुझे कोई अन्य विकल्प दिया जाये, ताकि मुझे शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीएमएचओ, पीएसओ एवं एलडीएम को समय-सीमा में समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।



## ग्रामीणों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के सेक्टर क्रमांक 5 धरवारा में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत जिला समन्वयक तेजसिंह केशवाल के मार्गदर्शन में सीएमसी डीपी के छात्रों, परामर्श दाताओं द्वारा नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से ग्राम कुसेरा के पुतरीया नाला में साफ-सफाई का कार्य कर पानी रिसाव वाले स्थल की खुदाई एवं जल एकत्रीकरण स्थल की सफाई कर जंगल के बीच में स्थित नाले में जानवरों के पानी पीने की व्यवस्था की गई। साथ ही छात्रों द्वारा तय किया गया कि साप्ताहिक श्रमदान कर उस नाले का चौड़ीकरण कर जल स्तर को बढ़ाया जाएगा।

नवांकुर संस्था इमलिया द्वारा प्रस्तावित आदर्श हेतु ग्राम के लोगों की बैठक कर लोगों को आगामी श्रमदान कार्य हेतु तैयार किया गया एवं जल संरक्षण का संदेश देते हुवे ग्राम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही जिला समन्वयक द्वारा ग्राम का भ्रमण कर संस्कार केंद्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

## पृथ्वी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र छात्राओं को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे के निर्देशन तथा प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि पूरी दुनिया में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस साल दुनिया भर में 55वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचकर यह कोशिश करना है कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाने में अपना योगदान दें।

## खबर संक्षेप

### माहेश्वरी समाज ने कश्मीर हमले की कड़े शब्दों में की भर्त्सना

**अनूपपुर।** कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले की अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा की ओर से कड़े शब्दों में भर्त्सना की गई है। यह कायराना और अमानवीय कृत्य न केवल मानवीय मूल्यों का अपमान है, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र की आत्मा को भी आहत करता है। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा ने कहा कि हम भगवान महेश से प्रार्थना करते हैं कि वे इस नृशंस कृत्य में शहीद हुए सभी निर्दोष नागरिकों को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और शोकसंतप्त परिवारों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें। यह समय एकजुट होकर देश की एकता, अखंडता और मानवता के पक्ष में खड़े होने का है। हम समस्त माहेश्वरी समाज से अपील करते हैं कि इस दुख की घड़ी में हम सभी एकजुट रहें और राष्ट्रीय शांति व सौहार्द बनाए रखें। शहडोल संभाग जिला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष सुनील मंत्री ने भी संभाग स्तरीय माहेश्वरी समाज की ओर से भी कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। एवं ईश्वर से प्रार्थना की है कि नृशंस कृत्य में शहीद हुए सभी निर्दोष नागरिकों को ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें।

### बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवाकुर संस्था जी.एस. हितकारिणी समिति कोतमा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के संयुक्त प्रयास से कोतमा विकासखंड के पुलिया नाला बैहाटोला में बोरियों का बोरी बंधान किया गया तथा लोगों को जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बैहाटोला की सरपंच, नवाकुर संस्था के प्रतिनिधि, मेंटर्स, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### लाडली बहना की राशि से परिवार की पूरी हो रही आवश्यकताएं

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण बदला है। समय पर खातों में पैसे आने से सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का प्रबंधन करना भी लाड़ली बहनों के लिए आसान हो गया है। इसी तारतम्य में अनूपपुर निवासी लाडली बहना श्रीमती मीना कोल का कहना है कि हर महीने समय पर राशि खाते में आ जाती है। जिससे घर के छोटे-छोटे खर्चे वह पूरा कर लेती हैं और इसमें भी बचत करके रुपये जोड़ने की कोशिश करती हैं। वह बताती हैं कि इन रुपयों से घर चलाने में मदद मिल जाती है। अचानक आने वाले किसी भी खर्च से अब डर नहीं लगता क्योंकि उन्हें योजना से मिली राशि से हिम्मत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जितनी तारीफ करें, कम है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए अपने भाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

### यहां सिर्फ देखने को नल से निकल रहा जल, जल गंगा संवर्धन अभियान भी खोखला

# मंत्री के विधानसभा के रहवासियों के ही कंठ 'प्यासे'



**जिले मे वर्तमान में जल गंगा संवर्धन योजना चलाई जा रही है और शासन का यह उद्देश्य है कि प्रदेश के किसी भी गांव में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या ना हो इसी योजना के तहत अनूपपुर जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन योजना चलाया जा रहा है, लेकिन संभाग के इकलौते मंत्री दिलीप जायसवाल के विधानसभा क्षेत्र में ही ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।**

**पढाई छोड़ ढो रहे पानी, मामला जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत भाटाडांड का**

## 2 किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर भाटाडांड के ग्रामीण

**अनूपपुर/कोतमा।** हर घर नल जल योजना के तहत शासन घर घर पानी पहुंचाने के लिए योजनाएं बना रही है और शासन का लक्ष्य है कि किसी भी गांव के लोग पीने के पानी के लिए परेशान ना हो और जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना का कार्य करोड़ों रुपए खर्च कर नल जल योजना के तहत पाइपलाइन का विस्तार पानी की टंकी का निर्माण करवाते हुए योजना संचालित करवा रही है। जिसके लिए जल जीवन मिशन विभाग के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करवा रही है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही की वजह से एक साल से शुरू हुआ कार्य अभी तक मात्र बोर करते हुए दो जगह से पानी चालू किया गया है। उसमे में मात्र सुबह आधे घंटे पानी दिया जाता है। विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार के मिली भगत से आज भी ग्रामीण पानी के लिए परेशान होते नजर आ रहे हैं। जबकि भीषण गर्मी का मौसम भी शुरू हो गया है और ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार सांसद मंत्री एवं कलेक्टर के आदेश को भी दरकिनार कर रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के द्वारा हर बैठकों में जल जीवन मिशन के अधिकारियों को साफ तौर पर यह निर्देश भी दिया जा रहा है कि जिन गांवों में नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है उसे पूर्ण करवाया जाए लेकिन कलेक्टर के निर्देश के बाद भी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं दूसरी ओर मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा जिले में अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए साफ निर्देश दे रहे हैं कि ग्रीष्मकल में ग्रामीणों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना के तहत कार्य करवाया जा रहा है उसे तत्काल ही पूर्ण करवाते हुए ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मुहैया करवाई जाये, लेकिन उनके ही विधानसभा क्षेत्र में यह हाल है कि ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं कोसों दूर से पानी ढोकर लाने को मजबूर हैं।

### साल बीता परंतु ढंग से नही मिला योजना का लाभ

जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटाडांड में अक्टूबर 2024 मे ठेकेदार के द्वारा नल जल योजना के तहत काम शुरू किया था लेकिन एक वर्ष बीतने को है अभी तक ग्रामीणों को नल जल योजना का सही ढंग से लाभ नहीं मिल पाया है जबकि भीषण गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है और ग्रामीण क्षेत्र में जल स्तर भी कम हो रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को कुआं तालाब ठोढ़ी एवं एक से दो किलोमीटर दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है गांव में जो हैंड पंप लगे हैं उनमें से या तो कुछ खराब है और कुछ घंटों मसक्कत के बाद मुश्किल से एक डिब्बा पानी ही दे पाते हैं।

### नही मिल रहा पर्याप्त पानी

मध्य प्रदेश के अंतिम छोर में बसा जनपद पंचायत कोतमा का ग्राम पंचायत भांटाडांड जिसकी आबादी लगभग दो हजार के आसपास है। ग्राम पंचायत अंतर्गत तीन टोला मोहल्ला जिसमें केवट एवं बैगान टोला तथा नया टोला आते हैं और यह गांव आदिवासी बाहुल्य गांव है जो पूरी तरह से नल जल योजना पर निर्भर है। शासन के द्वारा ग्राम पंचायत भाटाडांड मे नल जल योजना के तहत कार्य स्वीकृत किया गया था। जिसका ठेका किसी उमरिया जिले के व्यक्ति को दिया गया है। उसके द्वारा वर्ष 2024 अक्टूबर माह में नल जल योजना का कार्य शुरू किया गया था। और अभी तक ठेकेदार के द्वारा पूरे टोला मे पाइपलाइन का बिस्तर भी नहीं किया गया है। नया टोला में तो अभी तक पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई। ठेकेदार के द्वारा एक बोर करवाते हुए मोटर डालकर दो जगह ही पानी दिया जा रहा है।

### दो किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर

नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण भी किया जाना है लेकिन ठेकेदार के द्वारा अभी तक पानी की टंकी का निर्माण ही नहीं किया गया जिसके कारण ग्रामीणों को अभी तक नल जल योजना का सही लाभ नहीं मिल पा रहा। उत्तर कुमार केवट के खेत मे एंव दूसरी जगह ददन राम केवट के घर के पास पाईप लाईन मे पतली सटक जोड़कर पानी दिया जा रहा है। लेकिन चढ़ाई होने के कारण पानी मुश्किल से पांच प्रतिशत ही निकल रहा है। आपरेटर के लापरवाही के कारण सुबह और शाम आधे घंटे ही पानी सप्लाई किया जाता है। सबसे मजे की बात तो यह है कि जल स्तर कम होने के कारण पर्याप्त पानी नहीं निकलता। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव के अंदर कुआं सूखने के कगार पर है जल स्तर भी कम हो रहा है। तीनों टोला मिलाकर सार्वजनिक पांच हैंड पंप लगे हुए हैं। बैगान टोला मे जयसिंह के घर के पास स्थित इंदारा भी सूखने की कगार पर है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित ठोढ़ी से डिब्बा में साइकिल में या सिर के ऊपर तथा कमरी में रखकर निस्तार के लिए पानी लाने को मजबूर है।

### हैंडपंप पानी की जगह उगल रहे हवा

ग्रामीणों ने बताया कि तीनों टोला मिलकर लगभग 6 हैंड पंप लगे हैं जिसमें से एक हैंड पंप रूपसाय पाव के घर के पास लगा ही चल रहा हैं। केवट मोहल्ला में रामखेलावन गुप्ता के घर के पास एवं बैगान टोला मे मोहित पाव के घर के पास स्थित हैंड पंप नहीं चल रहा है। कारण जल स्तर कम होना बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग पूरी तरह से हैंडपंप या ठोढ़ी के पानी पर ही आश्रित है। शासन की योजना है कि हर घर नल जल योजना के माध्यम से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च करके ठेकेदार के माध्यम से कार्य करवाया जा रहा है लेकिन ठेकेदार एवं जल जीवन मिशन के अधिकारी शासन की योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### मंत्री भी नही ले रहे सुध

शहडोल संभाग के इकलौते मंत्री दिलीप जायसवाल के गृह निवास बिजुरी से ग्राम पंचायत भाटाडांड की दूरी महज तेरह किलोमीटर ही है और उन्हीं के क्षेत्र में ही नल जल योजना का यह हाल है जिसके कारण ग्रामीणजन पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे हैं नल जल योजना मुश्किल से पांच प्रतिशत ही चालू है। 95 प्रतिशत जल स्तर कम होने की वजह से लाभ नही मिल पा रहा है। जब यह हाल मंत्री के गृह क्षेत्र से लगे हुए गांव का है मंत्री भी गांव मे पानी की समस्या दूर करने की सुध नही ले रहे हैं। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे जिले में नल जल योजना का हाल क्या होगा।

### बच्चे पढ़ाई छोड़ ढो रहे पानी

भाटाडांड गांव के वार्ड क्रमांक तीन के निवासी रामखेलावन गुप्ता ने बताया कि विभाग के अधिकारियों के द्वारा गुमराह करते हुए शासन को ग़लत जानकारी देते हुए हमारे गांव में नलजल का कार्य पूर्ण होना बताकर गुमराह किया जा रहा है। जबकि धरातल में कहानी कुछ और ही बयां कर रही है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा हम गांव के लोग भुगत रहे हैं। विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण गांव के मासूम बच्चे एवं बच्चियों के द्वारा पढ़ाई छोड़कर दो किलोमीटर दूर से चिलचिलाती धूप मे सिर पर पानी ढोकर लाने को मजबूर है वही गांव के बुजुर्ग भी क़मरी मे पानी ढोकर लाने को मजबूर है। महिलाएं भी ठेकेदार की ग़लती का खामियाजा इस भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप मे प्यास बुझाने के लिए साईकिल में पानी ढो रही हैं।

### इनका कहना है

ग्राम भाटाडांड में नलजल योजना के तहत पांच प्रतिशत ही कार्य शुरू किया गया है। दो जगह बोर करवाया गया है लेकिन जलस्तर कम होने के कारण पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। पाइपलाइन के लिए गड्ढा खोदा गया था उसे भी नही भरा गया है। गांव के लोग दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर है।

**त्रिलोकी कुशवाहा, उपसरपंच**
**ग्राम पंचायत भाटाडांड**

दो जगह बोर करवाते हुए डायरेक्टर पानी सप्लाई करवाई जा रही है लेकिन जल स्तर कम होने की वजह से पानी पर्याप्त नही मिला रहा है। नया बोर करवाया जाना प्रस्तावित है।

**दीपक साहू, एसडीओ**
**जल जीवन मिशन कोतमा**

# ई-केवाईसी के लिए जिले में अभियान चलाने के कलेक्टर के निर्देश



### कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में समग्र आईडी और राशन कार्ड उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी को गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक पात्र व्यक्ति की ई-केवाईसी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ई केवाईसी कार्य में पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक एवं मोबिलाइजर की बैठक लेने के निर्देश भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ई-केवाईसी कार्य का प्रतिदिन गंभीरता के आधार पर मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रतिदिन की रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित की जाए, जिससे अभियान की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से विभागीय कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय पत्रों, आदेशों एवं छुट्टी का प्रतिवेदन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रेषित किया जाए। जिससे शासकीय कार्यों में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने समाधान ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शीघ्रता से इनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतहरी श्रीमती अंजलि द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा अजीत तिर्की सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# वाहनों पर पथराव की नहीं रूक रही वारदात

### अराजक तत्वों ने इस बार मीडियाकर्मी को बनाया शिकार

**अनूपपुर।** बदरा से फुनगा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 हाइवे रोड में पिछले कई दिनों से वाहन चालकों के ऊपर बदमाशों द्वारा पथराव कर हमला किए जाने की वारदात लगातार सामने आ रही थी। नए मामले में मंगलवार की रात को कोतमा निवासी राजेश मिश्रा पयासी 52 वर्ष जो अपने मीडिया का काम करके अनूपपुर जिले से वापस कोतमा आने के दौरान भालूमाडा थाना अंतर्गत बदरा सिंह पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात बदमाशों के द्वारा पथराव कर हमला किया गया। हमले से पीछे खिड़की का कांच तेज आवाज से टूट गया अचानक हुए हमले से वाहन चला रहे राजेश पयासी घबराकर ब्रेक मारना पड़ा जिससे सिर एवं छाती में भी अंदरूनी चोट लगी है। घटना स्थल से कुछ दूर आकर गाड़ी रोककर देखा तो पीछे सीट के पास खिड़की का कांच टूट गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस एवं अन्य लोगों को दी गई। सूचना पाते ही थाना प्रभारी संजय खलको टीम सहित घटनास्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 118 (ए), 62, 324 (4) बीनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि इस प्रकार की घटनाएं हाईवे में पिछले तीन माह के दौरान लगातार सामने आई हैं। पूर्व में सुरेश खरे एवं पप्पू मिश्रा की कार पर भी हमला किया जा चुका है।



## पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग

### यातायात हाईवे पुलिस निष्क्रिय

हाइवे में हो रही दुर्घटनाओं एवं अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा हाल में ही यातायात हाईवे चौकी प्रारंभ कर एक दर्जन के लगभग स्टाफ की पदस्थापना भी की गई थी लेकिन चौकी खोले जाने के बाद से किसी प्रकार अपराधों में कमी नहीं आई बल्कि हाईवे पर वाहन मालिकों से चेकिंग के नाम पर परेशान किए जाने को लेकर लगातार शिकायते सामने आ रही हैं सामने आ रही है। जिस कारण उच्च अधिकारियों की मंशा पर पानी फिरते नजर आ रहा है।

### हाईवे किनारे अवैध शराब की बिक्री

हाईवे में लगातार हो रही घटना का मुख्य कारण अपराधिक गतिविधियों का संचालन है जिसमें हाईवे के किनारे स्थित बस्तियों में अवैध शराब बिक्री होने के कारण इस प्रकार की वारदात सामने आ रही है। बदरा के समीप हाईवे के समीप स्थित गौशाला के पास शातिर अपराधियों द्वारा बड़े स्तर पर जुआ फड़ का भी संचालन बीच-बीच में किया जाता रहा है। जिससे अपराधियों का जमघट में लगता रहा है। स्थानीय नागरिको द्वारा हाईवे किनारे अवैध शराब बिक्री पर कार्यवाही की मांग की गई है। मीडिया कर्मी पर हुए हमले के बाद मीडिया से जुड़े लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए अपराधियों को जल्द पकड़े जाने की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक ने घटना पर चिंता जताई और आश्वस्त किया कि दो- तीन दिन में आरोपी पकड लिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। यह बहुत राहत की बात है कि बड़ा हादसा टल गया।

# संवाद, समन्वय और जीवंत संपर्क का पर्याय है मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ

**अनूपपुर।** ग्राम और तहसील क्षेत्र में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के साधारण सदस्य संगठन की रीढ हैं। संगठन के सभी पदाधिकारियो का यह कर्तव्य है कि पत्रकारों के सम्मान, स्वाभिमान और स्वतंत्र समाचार लेखन के अधिकार की रक्षा के लिये हर संभव प्रयास करें। अनूपपुर में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ शहडोल संभागीय इकाई और अनूपपुर जिला इकाई की संगठनात्मक बैठक मे उपरोक्त विचार मप्र के संगठन प्रभारी मो अली ने व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रुप मे मो अली ने उपस्थित पदाधिकारियो को बतलाया कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश का सबसे बड़ा एवं पत्रकारों के हितों की लडाई लड़ने वाला सबसे सक्रिय और जुझारु संगठन है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार समाजहित में सबसे महत्वपूर्ण और जवाबदेही का कार्य है। आपसी मनमुटाव और निहित स्वार्थों की यहाँ कोई जगह नहीं है। पत्रकारिता जब



देश हित की जगह स्व हित मे बदल जाती है तो वह पतन का कारण बनती है। उन्होंने पत्रकारों को आपसी कलह और फूट के विरुद्ध चेताते हुए कहा कि संगठन के किसी भी पदाधिकारी को पत्रकार के विरुद्ध जाने से बचना होगा। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश अग्रवाल ने चिंता जाहिर की कि संगठनात्मक बैठकों में कुछ पदाधिकारी नहीं आए हैं। उन्होंने नव पत्रकारों से सीखने, करने और लेखनी के माध्यम से पर्यावरण समाज संरक्षण करने की अपील की।

**प्रत्येक माह होगी बैठक**

प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के मार्गदर्शन में 22 अप्रैल को अनूपपुर के धनश्री पैलेस में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की अनूपपुर जिला एवं शहडोल संभाग कार्यकारिणी की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। जिसमें अनूपपुर, शहडोल, उमरिया जिले के लगभग 80 वरिष्ठ पदाधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में शहडोल संभाग में निवासरत प्रदेश कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों मो.अली संगठन प्रभारी एवं प्रांताध्यक्ष से सम्बद्ध, मनोज द्विवेदी प्रदेश उपाध्यक्ष, मेहदी हसन प्रदेश सचिव, कौशल बाबा पाठक प्रदेश संयुक्त सचिव, नीरज सिंह प्रदेश विज्ञापन प्रभारी, दिनेश अग्रवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अजीत मिश्रा शहडोल संभाग अध्यक्ष, कृष्णा तिवारी महासचिव, अखिलेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष, भारत मिश्रा उपाध्यक्ष, पुष्पेन्द्र रजक उपाध्यक्ष, चंद्रकांत द्विवेदी उमरिया जिलाध्यक्ष, राजेश पयासी अनूपपुर जिलाध्यक्ष, गजेन्द्र सिंह शहडोल जिलाध्यक्ष, अरविन्द बियाणी, धनंजय तिवारी, शशिधर अग्रवाल के साथ बिजुरी, राजनगर, डोला, बनगंवा, डूमरकछार,कोतमा, पसान, जैतहरी, वेंकटनगर, चचाई, अमलाई, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक के वरिष्ठ पत्रकार गणों ने हिस्सा लिया। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में संगठन के विस्तार, मजबूती और पत्रकार हितों के तय बिन्दुओं पर आवश्यक चर्चा की गयी।

**संगठन की मजबूती और विस्तार के लिये दिये सुझाव**

बैठक में वरिष्ठ पत्रकार मेंहदी हसन, धनंजय तिवारी, अखिलेश पाण्डेय, विकास पाण्डेय, बाबा पाठक, कृष्णा तिवारी, चंद्रकांत द्विवेदी, गजेन्द्र सिंह, भारत मिश्रा, सुमिता शर्मा, अरुण पाल सिंह, संतोष झा, बेलाल अहमद, विजय जायसवाल, मनीष शुक्ला, दुर्गा शुक्ला, उमाशंकर पाण्डेय, राजकुमार तिवारी सहित अन्य लोगों ने संगठन के विस्तार और मजबूती के लिये अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम का कुशल संचालन अजीत मिश्रा ने किया। जबकि स्वागत राजेश पयासी ने और आभार प्रदर्शन दीपक सिंह ने किया।

**वरिष्ठ पत्रकारों का किया सम्मान**

कोतमा के नीलू रजक, रुद्रमणि शुक्ला और उनके सात साथियों के साथ जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पटेल के साथ 14 अन्य स्थानों से आए पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ली। वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द बियाणी, धनंजय तिवारी और शशिधर अग्रवाल का साल श्री फल और प्रतीक चिन्ह से सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। उपस्थित सभी पत्रकारों ने संगठन और पत्रकारिता के हित में एकजुटता से कार्य करने और प्रत्येक माह बैठक करने का संकल्प लिया।

# अज्ञात मृतक की नहीं हो सकी पहचान

### पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार



**अनूपपुर।** शशिधर अग्रवाल तीन दिन पूर्व अज्ञात ट्रेन की ठोकर से मृत अज्ञात युवक की पहचान ना हो पाने पर पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोननदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में कफन-दफन कर अंतिम संस्कार किया। 21 अप्रैल की सुबह अनूपपुर रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर कोतवाली थाना अनूपपुर पुलिस द्वारा बिलासपुर-अनूपपुर के तीसरी लाईन पर तिपान नदी के पास एक 25 से 30 वर्ष के लगभग उम्र के अज्ञात युवक का शव अज्ञात ट्रेन की ठोकर से गम्भीर चोट लगने पर स्थल पर ही मृत स्थिति में पड़े होने पर बरामद करते हुए मृतक के शव को जिला अस्पताल अनूपपुर के शव परीक्षण कक्ष के फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से मृतक की पहचान का प्रयास किया किंतु किसी भी तरह की पहचान ना होने के कारण कोतवाली थाना अनूपपुर के सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय, राजकुमार साहू, अनूपपुर जिला मुख्यालय अनूपपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, जेसीबी चालक गोपाल राठौर एवं सफाई कर्मचारियों के साथ नगरपालिका परिषद अनूपपुर के सौजन्य से प्राप्त जेसीबी मशीन के माध्यम से अनूपपुर के सामतपुर में सोननदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में अज्ञात मृतक के शव को कफन, फूल माला, अगरबत्ती अर्पित करते हुए कफन-दफन कर ईश्वर से मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए अंतिम संस्कार किया गया।